# शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर

धरमपुरा–2, जगदलपुर, जिला–बस्तर, छत्तीसगढ़, भारत पिनकोड 494001

**Shaheed Mahendra Karma Vishwavidyalaya, Bastar**

Dharampura-2, Jagdalpur, Distt.-Bastar, Chhattisgarh, India, Pincode 494001

TelePhone 07782-229037, Fax 07782-229037, Website: www.bvvjdp.ac.in


क्रमांक / 595 /अका./कार्यपरिषद/2023 जगदलपुर, दिनांक 10/07/2023

प्रति,

सम्माननीय कार्यपरिषद सदस्य,
शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर, जगदलपुर (छ.ग.)

1. प्रोफेसर मनोज कुमार श्रीवास्तव, कुलपति
   शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर, जगदलपुर
2. श्री मोहन मरकाम,
   माननीय विधायक, निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 83– कोण्डागॉव
3. श्री लखेश्वर बघेल,
   माननीय विधायक, निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 85–बस्तर
4. श्री चंदन कश्यप,
   माननीय विधायक, निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 84–नारायणपुर
5. श्री संतराम नेताम,
   माननीय विधायक, निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 82–केशकाल
6. श्रीमती सावित्री मनोज मण्डावी,
   माननीय विधायक, निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 80 – भानुप्रतापपुर
7. डॉ. (श्रीमती) एस.एम. तिमोथी, प्राचार्य,
   शासकीय स्वामी आत्मानंद स्नातकोत्तर महाविद्यालय, नारायणपुर।
8. डॉ. सरला आत्राम, प्राचार्य,
   भानुप्रतापदेव शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, कांकेर
9. डॉ. चेतन राम पटेल, प्राचार्य,
   शासकीय गुण्डाधूर स्नातकोत्तर महाविद्यालय, कोण्डागॉव
10. डॉ. टी.आर. रात्रे, प्राचार्य,
    शासकीय नवीन महाविद्यालय, तोकापाल।
11. श्रीमती राजलक्ष्मी सेलट,
    विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी, उच्च शिक्षा विभाग
12. संभागीय संयुक्त संचालक,
    कोष, लेखा एवं पेंशन बस्तर जगदलपुर
13. पद्मश्री अनूप रंजन पाण्डेय,
    एच–15, सेलटैक्स कालोनी, खम्हारडीह, शंकर नगर, रायपुर (छ.ग.)
14. श्री हर्षवर्धन अरोरा,
    द्वारा श्री धरेन्द्र अरोरा, कृष्णा पाटीदार भवन के पीछे, मुंगेली रोड, बिलासपुर (छ.ग.)
15. श्री राजेश चौहान, क्रिकेटर,
    एम.आई.जी., सी–2338, एम.पी.एच.बी. कालोनी, इंडस्ट्रियल स्टेट, भिलाई (छ.ग.)
16. श्री कमलाकर सिंह, पूर्व कुलपति,
    भोज मुक्त विश्वविद्यालय, भोपाल, निवासी–ई–3/22, नुपुर कुंज, अरेरा कालोनी, भोपाल
17. श्री अरविंद नेताम, पूर्व केन्द्रीय मंत्री, भारत सरकार,
    कुम्हार पारा, जगदलपुर जिला बस्तर

18. डॉ. आर.के. हिरकने, संकायाध्यक्ष, वाणिज्य एवं प्रबंध सूचना प्रौद्योगिकी संकाय, प्राध्यापक (वाणिज्य), शासकीय दन्तेश्वरी स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दन्तेवाड़ा
19. डॉ. ए.के. दीक्षित, संकायाध्यक्ष, सामाजिक विज्ञान एवं कला संकाय, प्राध्यापक (राजनीति विज्ञान) शासकीय इन्द्रावती महाविद्यालय, भोपालपट्नम, बीजापुर
20. डॉ. के. इंदिरा संकायाध्यक्ष, विज्ञान एवं जीव विज्ञान संकाय, प्राध्यापक (रसायन शास्त्र) शासकीय काकतीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, जगदलपुर
21. श्री ईश्वर प्रसाद तिवारी, संकायाध्यक्ष, शिक्षा एवं विधि संकाय, प्राचार्य, श्री वेदमाता गायत्री शिक्षा महाविद्यालय, जगदलपुर बस्तर।
22. डॉ. शरद नेमा, प्राध्यापक, वानिकी एवं वन्यजीव अध्ययनशाला, शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर, जगदलपुर

**विषय :–** दिनांक 10.07.2023 को आयोजित कार्यपरिषद की 46वीं बैठक की कार्यवाही विवरण प्रेषित करने के संबंध में।

*****

उपर्युक्त विषयान्तर्गत लेख है कि शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर, जगदलपुर के कार्यपरिषद की 46वीं बैठक दिनांक 10.07.2023 को अपरान्ह 12.00 बजे से विश्वविद्यालय प्रशासनिक भवन के सभागार में आहूत की गई थी। उक्त बैठक में लिए गए निर्णयों का कार्यवाही विवरण संलग्न कर प्रेषित है।

संलग्न :– कार्यवाही विवरण

**कुलसचिव**
**शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर**
**जगदलपुर, जिला–बस्तर (छ.ग.)**

पृ.क्रमांक / **596** /अका./कार्यपरिषद/2023 जगदलपुर, दिनांक **10/07/2023**

प्रतिलिपि :–

1. माननीय राज्यपाल एवं कुलाधिपति के सचिव, राजभवन, रायपुर छत्तीसगढ़।
2. सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, उच्च शिक्षा विभाग, मंत्रालय, महानदी भवन, नवा रायपुर अटल नगर,।
3. आयुक्त, उच्च शिक्षा संचालनालय, इन्द्रावती भवन, नवा रायपुर अटल नगर,।
4. माननीय कुलपति महोदय, शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर, जगदलपुर।
5. समस्त विभाग प्रमुख, शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर, जगदलपुर।

– की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

**सहायक कुलसचिव (अकादमिक)**
**शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर**
**जगदलपुर, जिला–बस्तर (छ.ग.)**

# शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर

धरमपुरा–2, जगदलपुर, जिला–बस्तर, छत्तीसगढ़, भारत पिनकोड 494001

**Shaheed Mahendra Karma Vishwavidyalaya, Bastar**

Dharampura-2, Jagdalpur, Distt.-Bastar, Chhattisgarh, India, Pincode 494001

TelePhone 07782-229037, Fax 07782-229037, Website: www.bvvjdp.ac.in


क्रमांक / 594 /अका./कार्यपरिषद/2023 जगदलपुर, दिनांक 10/07/2023

## कार्यवृत्त
## कार्यपरिषद की 46वीं बैठक
## दिनांक 10.07.2023

शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर जगदलपुर के कार्यपरिषद की 46वीं बैठक दिनांक 10.07.2023 को अपरान्ह 12.00 बजे विश्वविद्यालय के सभाकक्ष में आहूत की गई। उक्त बैठक में निम्नलिखित सदस्य उपस्थित हुए :–

| | |
|---|---|
| 1. प्रोफेसर मनोज कुमार श्रीवास्तव, कुलपति | पदेन अध्यक्ष |
| 2. श्री लखेश्वर बघेल, माननीय विधायक | सदस्य |
| 3. श्री संतराम नेताम, माननीय विधायक | सदस्य |
| 4. श्री चंदन कश्यप, माननीय विधायक | सदस्य |
| 5. श्री अरविंद नेताम, पूर्व केन्द्रीय मंत्री, भारत सरकार, | सदस्य |
| 6. श्री धीरज नशीने, संभागीय संयुक्त संचालक, | सदस्य |
| 7. डॉ. के. इंदिरा, प्राध्यापक एवं संकायाध्यक्ष, विज्ञान संकाय, | सदस्य |
| 8. डॉ. ए.के. दीक्षित, प्राध्यापक एवं संकायाध्यक्ष सामाजिक विज्ञान | सदस्य |
| 9. डॉ. आर.के. हिरकने, संकायाध्यक्ष, वाणिज्य | सदस्य |
| 10. डॉ. चेतन राम पटेल, प्राचार्य, | सदस्य |
| 11. डॉ. टी.आर. रात्रे, प्राचार्य | सदस्य |
| 12. श्री ईश्वर प्रसाद तिवारी, संकायाध्यक्ष, शिक्षा एवं विधि संकाय | सदस्य |
| 13. डॉ. शरद नेमा, प्राध्यापक | सदस्य |
| 14. श्री अभिषेक कुमार बाजपेयी, कुलसचिव | पदेन सचिव |

**विषय क्रमांक–1 (विश्वविद्यालय के अकादमिक विभाग का प्रस्ताव)**

कार्यपरिषद की 45वीं बैठक दिनांक 20.02.2023 के कार्यवृत्त को सम्पुष्टि पर विचार।

**निर्णयः** कार्यपरिषद की 45वीं बैठक दिनांक 20.02.2023 के कार्यवृत्त को सम्पुष्टि प्रदान की गई।.

**विषय क्रमांक–2** (विश्वविद्यालय के अकादमिक विभाग का प्रस्ताव)

कार्यपरिषद की 45वीं बैठक दिनांक 20.02.2023 के कार्यवृत्त का पालन प्रतिवेदन पर विचार।

**निर्णयः** पालन प्रतिवेदन का अनुमोदन प्रदान किया गया।.

**विषय क्रमांक–3 (विश्वविद्यालय के विकास विभाग का प्रस्ताव)**

दिनांक 22.06.2023 को आयोजित भवन समिति की बैठक में विचार हेतु रखे गये प्रस्ताव एवं विषयों पर लिए जाने वाले निर्णयों का अनुमोदन।

**निर्णयः** सर्वसम्मति से अनुमोदन प्रदान किया गया।.

**विषय क्रमांक–4 (विश्वविद्यालय के अकादमिक विभाग का प्रस्ताव)**

दिनांक 23.06.2023 को आयोजित विद्यापरिषद स्थायी समिति की बैठक में विचार हेतु रखे गये प्रस्ताव एवं विषयों पर लिए जाने वाले निर्णयों का अनुमोदन।



10 JUL 2023

**निर्णय:** दिनांक 23.06.2023 को आयोजित विद्यापरिषद स्थायी समिति की बैठक के विषय क्रमांक 14 एवं दिनांक 07.07.2023 को आयोजित विद्यापरिषद की स्थायी समिति के आपात बैठक के विषय क्रमांक 02 एक साथ सम्मिलित कर निर्णय लिया गया कि पुनः असंतुष्ट छात्र–छात्राओं का मौखिक परीक्षा आयोजित कराया जाये। शेष विषयों में लिए गये निर्णयों का अनुमोदन किया गया।

**विषय क्रमांक–5 (विश्वविद्यालय के अकादमिक विभाग का प्रस्ताव)**

अवर सचिव, छ.ग.शासन, उच्च शिक्षा विभाग, मंत्रालय का पत्र क्रमांक एफ 17–02/2023/38–1 नवा रायपुर अटल नगर, दिनांक 31.03.2023 के अनुसार शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर, जगदलपुर से संबद्ध निम्नानुसार महाविद्यालयों का नवीन नामकरण किया गया है:–

01. शासकीय महाविद्यालय, बकावण्ड के स्थान पर वीर योद्धा जकरकन भतरा शासकीय महाविद्यालय, बकावण्ड

02. शासकीय महाविद्यालय, तोकापाल के स्थान पर शहीद हरचंद नाईक शासकीय महाविद्यालय, तोकापाल, जिला बस्तर

उक्त नवीन नामकरण के अनुसार विश्वविद्यालय द्वारा आवश्यक कार्यवाही करने हेतु प्रकरण सूचनार्थ प्रस्तुत।

**निर्णय:** सूचना ग्रहण की गई।

**विषय क्रमांक–6 (विश्वविद्यालय के परीक्षा/गोपनीय विभाग का प्रस्ताव)**

शैक्षणिक सत्र 2023–24 के Academic, Pre & Post Examination and Other Work के लिए MICS भोपाल के कार्य में वृद्धि करने पर विचार।

**निर्णय:** MICS भोपाल एवं कुलसचिव के मध्य पूर्व अनुबंधित दर एवं शर्तों के अनुसार आगामी शैक्षणिक सत्र 2023–24 के लिए वृद्धि करने की सर्वसम्मति से अनुमोदन किया गया। साथ ही यह भी निर्देश दिया गया कि आगामी शैक्षणिक सत्र 2024–25 के लिए अनुबंध की अवधि समाप्त होने के पूर्व निविदा संबंधी समस्त कार्यवाही पूर्ण कर ली जावे।

**विषय क्रमांक–7 (विश्वविद्यालय के परीक्षा/गोपनीय विभाग का प्रस्ताव)**

MICS भोपाल के द्वारा सत्र 2022–23 के परीक्षा/गोपनीय संबंधी कार्यो के समाप्ति पश्चात प्राप्त देयक क्रमांक 470, 471, 472 एवं 473 के अनुसार जी.एस.टी. सहित कुल राशि रू. 28,39,002.12 (अठ्ठाईस लाख उनचालीस हजार दो रू. मात्र) का भुगतान करने पर विचार।

**निर्णय:** सर्वसम्मति से भुगतान की स्वीकृति प्रदान की गई।

**विषय क्रमांक–8 (विश्वविद्यालय के वाहन प्रकोष्ठ का प्रस्ताव)**

Indigo CG-02-4020, Indica CG-02-4019 वाहन को अपलेखन सह विक्रय करने पर विचार।

**निर्णय:** सर्वसम्मति से अनुमोदन प्रदान किया गया।

**विषय क्रमांक–9 (विश्वविद्यालय के परीक्षा/गोपनीय विभाग का प्रस्ताव)**

विश्वविद्यालय के परीक्षा/गोपनीय कार्य हेतु दो नये बोलेरो पिक–अप वाहन क्रय करने पर विचार।

**निर्णय:** विश्वविद्यालय के बजट प्रावधान अनुसार भण्डार क्रय नियमों का पालन करते हुए दो नये बोलेरो पिक–अप वाहन क्रय करने की स्वीकृति प्रदान की गई।



10 JUL 2023

**विषय क्रमांक–10 (विश्वविद्यालय के स्थापना एवं प्रशासन विभाग का प्रस्ताव)**

शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर, जगदलपुर में कार्यरत कर्मचारियों की वरिष्ठता सूची एवं पदोन्नति आदेश में सुधार करने पर विचार।

**निर्णयः** जॉच समिति की अनुशंसा के अनुसार संशोधन किये जाने का स्वीकृति प्रदान किया गया।

**विषय क्रमांक–11 (विश्वविद्यालय के स्थापना एवं प्रशासन विभाग का प्रस्ताव)**

शैक्षणिक सत्र 2023–24 में शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर, जगदलपुर के अध्ययनशालाओं में स्वीकृत प्राध्यापक/सह प्राध्यापक/सहायक प्राध्यापक/व्याख्याता के रिक्त पदों के विरूद्ध हेतु अतिथि व्याख्याता के रूप में अध्यापन कार्य हेतु ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित करने की सूचना पर विचार।

**निर्णयः** सूचना ग्रहण की गई।

**विषय क्रमांक–12 (विश्वविद्यालय के स्थापना एवं प्रशासन विभाग का प्रस्ताव)**

शैक्षणिक सत्र 2023–24 में शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर, जगदलपुर में सुरक्षा व्यवस्था हेतु सुरक्षा एजेंसी मेटास सिक्योरिटी एवं फायर सर्विस प्रायवेट लिमिटेड, रायपुर से अनुबंध किये जाने की सूचना पर विचार।

**निर्णयः** सूचना ग्रहण की गई।

**विषय क्रमांक–13 (विश्वविद्यालय के स्थापना एवं प्रशासन विभाग का प्रस्ताव)**

शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर, जगदलपुर में अनुबंधित सुरक्षा एजेंसी मेटास सिक्योरिटी एवं फायर सर्विस प्रायवेट लिमिटेड, रायपुर द्वारा प्रस्तुत माह अप्रैल, 2023 के देयक अनुसार जी. एस.टी सहित कुल राशि रू. 5,25,065/– भुगतान करने पर विचार।

**निर्णयः** सर्वसम्मति से भुगतान की स्वीकृति प्रदान की गई।

**विषय क्रमांक–14 (विश्वविद्यालय के भण्डार शाखा का प्रस्ताव)**

विश्वविद्यालय के विभिन्न भवनों, कक्षों, छात्रावास हेतु 15 नग एल.ई.डी. डिस्प्ले पैनल/टेलीविजन CSIDC/ई–मानक से क्रय करने पर विचार।

**निर्णयः** विश्वविद्यालय के बजट प्रावधान अनुसार भण्डार क्रय नियमों का पालन करते हुए सर्वसम्मति से क्रय करने की स्वीकृति प्रदान की गई।

**विषय क्रमांक–15 (विश्वविद्यालय के भण्डार शाखा का प्रस्ताव)**

विश्वविद्यालय के परीक्षा, गोपनीय एवं अन्य आवश्यक कार्यालयीन कार्यों के निष्पादन हेतु बैटरी चलित ई–रिक्शा (टेम्पो) क्रय करने पर विचार।

**निर्णयः** विश्वविद्यालय के बजट प्रावधान अनुसार भण्डार क्रय नियमों का पालन करते हुए सर्वसम्मति से बैटरी चलित ई–रिक्शा एवं ई–टेम्पो क्रय करने की स्वीकृति प्रदान की गई।

**विषय क्रमांक–16 (विश्वविद्यालय के भण्डार शाखा का प्रस्ताव)**

विश्वविद्यालय के द्वारा अप्रैल 2023 में राशि रू. 738584/– (सात लाख अड़तीस हजार पॉच सौ चौरासी) मात्र का अनुपयोगी रद्दी कागजात विक्रय किया गया है। प्रकरण सूचनार्थ प्रस्तुत।

**निर्णयः** सूचना ग्रहण की गई।



10 JUL 2023

**विषय क्रमांक–17 (विश्वविद्यालय के भण्डार शाखा का प्रस्ताव)**

विश्वविद्यालय के अनुपयोगी, क्षतिग्रस्त पुराने सूचना प्रौद्योगिकी से संबंधित सामग्रियॉं, फर्नीचर्स इत्यादि का निस्तारण/विक्रय करने की अनुमति सह सूचना।

**निर्णयः** भण्डार क्रय नियमों का पालन करते हुए अपलेखन किये जाने की स्वीकृति प्रदान की गई।

**विषय क्रमांक–18 (विश्वविद्यालय के भण्डार शाखा का प्रस्ताव)**

विश्वविद्यालय के विभिन्न डेस्कटॉप कम्प्यूटर/आल इन वन कम्प्यूटर्स की सुरक्षा हेतु यू.पी.एस. क्रय करने पर विचार।

**निर्णयः** विश्वविद्यालय के बजट प्रावधान अनुसार भण्डार क्रय नियमों का पालन करते हुए सर्वसम्मति से क्रय करने की स्वीकृति प्रदान की गई।

**विषय क्रमांक–19 (विश्वविद्यालय के कुलसचिव कार्यालय का प्रस्ताव)**

सेमेस्टर परीक्षा जुलाई–दिसम्बर 2022 (सत्र 2022–23) के प्रश्न पत्र प्रिंटिग के देयक राशि 19,06,122.02 का भुगतान की स्वीकृति पर विचार।

**निर्णयः** सर्वसम्मति से भुगतान करने की स्वीकृति प्रदान की गई।

**विषय क्रमांक–20 (विश्वविद्यालय के कुलसचिव कार्यालय का प्रस्ताव)**

वार्षिक परीक्षा मार्च–अप्रैल 2023 (सत्र 2022–23) के प्रश्न पत्र प्रिंटिग के देयक राशि 59,36,864.51 का भुगतान की स्वीकृति पर विचार।

**निर्णयः** सर्वसम्मति से भुगतान करने की स्वीकृति प्रदान की गई।

**विषय क्रमांक–21 (विश्वविद्यालय के कुलसचिव कार्यालय का प्रस्ताव)**

वार्षिक परीक्षा मार्च–अप्रैल 2023 (सत्र 2022–23) के प्रश्न पत्र प्रिंटिग के देयक राशि 50,74,964.60 का भुगतान की स्वीकृति पर विचार।

**निर्णयः** सर्वसम्मति से भुगतान करने की स्वीकृति प्रदान की गई।

**विषय क्रमांक–22 (विश्वविद्यालय के विकास का प्रस्ताव)**

विश्वविद्यालय के एम.सी.ए./एम.बी.ए. भवन में स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम आदर्श महाविद्यालय, जगदलपुर संचालित करने पर विचार।

**निर्णयः** अस्थायी तौर पर आगामी विधानसभा के चुनाव सम्पन्न होने तक की अनुमति प्रदान की गई।

**विषय क्रमांक–23 (विश्वविद्यालय के अकादमिक का प्रस्ताव)**

विश्वविद्यालय के चतुर्थ दीक्षांत समारोह आयोजित करने पर विचार।

**निर्णयः** छ.ग.शासन, उच्च शिक्षा विभाग द्वारा जारी अकादमिक कैलेण्डर सत्र 2023–24 के अनुसार जनवरी–फरवरी 2024 में सत्र 2021–22 एवं 2022–23 सत्र में सम्मिलित छात्र/छात्राओं हेतु चतुर्थ दीक्षांत सामारोह आयोजित करने की अनुमति प्रदान की गई।



10 JUL 2023

**विषय क्रमांक–24 (विश्वविद्यालय के वित्त विभाग का प्रस्ताव)**

शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर जगदलपुर के कुलपति चयन हेतु चयन समिति के सदस्यों को सीटिंग चार्ज के रूप में रू. 5000/– (राशि पाँच हजार रूपये) मात्र प्रत्येक सदस्यों को भुगतान किया गया है। जिसका कार्योत्तर स्वीकृति प्रदान करने पर विचार।

**निर्णयः** सर्वसम्मति से कार्योत्तर स्वीकृति प्रदान की गई।

**विषय क्रमांक–25 (विश्वविद्यालय के वित्त विभाग का प्रस्ताव)**

शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर जगदलपुर के कुलपति चयन हेतु माह अगस्त, 2022 एवं सितम्बर 2022 में राजभवन सचिवालय, रायपुर छत्तीसगढ़ के अधिकारियों के निर्देशानुसार कुलपति चयन समिति के सदस्यों को मानदेय, टी.ए./डी.ए., टैक्सी किराया, भोजन, स्वल्पाहार आदि का भुगतान करने, आवश्यक तैयारी एवं अन्य व्यवस्था करने के लिए विश्वविद्यालय स्तर पर गठित समिति के अधिकारी श्री सी. एल. टंडन, सहायक कुलसचिव को प्रदत्त अग्रिम राशि रू. 2,50,000/– के विरूद्ध किये गये व्यय के समायोजन करने पर विचार।

**निर्णयः** अग्रिम राशि रू. 2,50,000/– के विरूद्ध किये गये व्यय के नियमानुसार समायोजन करने का निर्णय लिया गया।

**विषय क्रमांक–26 (विश्वविद्यालय के कुलसचिव कार्यालय का प्रस्ताव)**

सेमेस्टर परीक्षा जनवरी–जून 2023 (सत्र 2022–23) के प्रश्न पत्र प्रिंटिग के देयक राशि 31,07,284/– का भुगतान की स्वीकृति पर विचार।

**निर्णयः** सर्वसम्मति से भुगतान करने की स्वीकृति प्रदान की गई।

**विषय क्रमांक–27**

शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर जगदलपुर के आदेश क्रमांक/1001/अका./कार्यपरिषद/2022 जगदलपुर, दिनांक 01.12.2022 के द्वारा गठित जॉच समिति के सदस्य द्वारा प्रेषित पत्र पर विचार।

**निर्णयः** जॉच समिति के द्वारा जॉच की कार्यवाही जारी रखा जाये तथा विश्वविद्यालय के समस्त अधिकारी, शिक्षक एवं कर्मचारी जॉच प्रक्रिया में पूर्ण सहयोग प्रदान करेंगे।

**विषय क्रमांक–28**

डॉ. स्वपन कुमार कोले, प्राध्यापक, के विरूद्ध छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (वर्गीकरण नियंत्रण तथा अपील) नियम 1966 के नियम–14 के अन्तर्गत विभागीय जॉच हेतु जॉच अधिकारी के द्वारा प्रस्तुत जॉच प्रतिवदेन पर विचार।

**निर्णयः** उपरोक्त प्रकरण पर विभागीय जॉच अधिकारी द्वारा प्रस्तुत जॉच प्रतिवेदन को कार्यपरिषद द्वारा स्वीकार किया गया। जॉच समिति की संस्तुति के आधार पर डॉ. स्वपन कुमार कोले पर लगाये गये समस्त 06 आरोपों के सापेक्ष समुचित साक्ष्य प्राप्त न होने की स्थिति में उन्हें संदेह का लाभ देते हुए आरोप मुक्त करने का निर्णय लिया गया और यह भी निर्णय लिया गया कि पेपर किसके द्वारा लीक किया गया इसकी भी जॉच करा ली जाये। अतः श्री अरविन्द नेताम की अध्यक्षता में श्री धीरज नशीने के द्वारा प्रकरण में जॉच करवाये जाने का निर्णय लिया गया।

**विषय क्रमांक–29**

विश्वविद्यालय की कार्यपरिषद की 40वीं बैठक दिनांक 14.07.2022 के विषय क्रमांक 04 में 65 नग कम्प्यूटर्स की राशि के भुगतान के संबंध में पारित निर्णय अनुसार तथा छ.ग. शासन, उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार की गई कार्यवाही पर विचार।

**निर्णयः** श्री संतराम नेताम, माननीय विधायक एवं कार्यपरिषद सदस्य की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय समिति गठित किया जाये जो भुगतान के संबंध में एक रिपोर्ट तैयार कर प्रस्तुत करें तद्नुसार भुगतान संबंधी कार्यवाही की जाये। उक्त समिति में श्री चंदन कश्यप, माननीय विधायक एवं कार्यपरिषद सदस्य तथा श्री धीरज नशीने, संभागीय संयुक्त संचालक एवं कार्यपरिषद सदस्य, सदस्य होंगे।



10 JUL 2023

**विषय क्रमांक—30**

छ.ग.शासन, उच्च शिक्षा विभाग एवं उच्च शिक्षा संचालनालय के आदेशानुसार शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर, जगदलपुर के क्षेत्राधिकार में शैक्षणिक सत्र 2023—24 से प्रारंभ निम्नलिखित 05 शासकीय महाविद्यालयों में संचालित किये जाने वाले स्नातक स्तर के कला, विज्ञान एवं वाणिज्य संकाय हेतु पोर्टल प्रारंभ करने तथा प्रथम संबद्धता संबंधी कार्यवाही किये जाने की सूचनाः—

01. नवीन शासकीय महाविद्यालय, धनोरा, जिला—कोण्डागॉव
02. नवीन शासकीय महाविद्यालय, कुटरू, जिला—बीजापुर
03. नवीन शासकीय महाविद्यालय, छोटेडोंगर, जिला—नारायणपुर
04. नवीन शासकीय महाविद्यालय, लोहण्डीगुड़ा, जिला—बस्तर
05. नवीन शासकीय महाविद्यालय, मर्दापाल, जिला—कोण्डागॉव

**निर्णयः** सूचना ग्रहण की गई।

**विषय क्रमांक—31**

NSUI प्रदेश महासचिव के द्वारा दिनांक 26.06.2023 को प्राप्त ज्ञापन पर विचार।

**निर्णयः** विश्वविद्यालय की वर्तमान अध्यादेश के प्रावधानों के अनुसार कार्यवाही की जाये।

**विषय क्रमांक—32**

नवनिर्मित 100 सीटर बालक छात्रावास, 100 सीटर कन्या छात्रावास एवं विश्वविद्यालय के विभिन्न कुछ विभागों के लिए फर्नीचर्स बजट प्रावधान अंन्तर्गत CSIDC/ई—मानक से क्रय करने राशि रू. 80.00 (अस्सी लाख) स्वीकृति पर विचार।

**निर्णयः** विश्वविद्यालय के बजट प्रावधान अनुसार भण्डार क्रय नियमों का पालन करते हुए सर्वसम्मति से क्रय करने की स्वीकृति प्रदान की गई।

**माननीय अध्यक्ष महोदय की अनुमति से अन्य विषय —**

**विषय क्रमांक—1 (विश्वविद्यालय के अकादमिक विभाग का प्रस्ताव)**

दिनांक 07.07.2023 को आयोजित विद्यापरिषद की स्थायी समिति की (आपात) बैठक में विचार हेतु रखे गये प्रस्ताव एवं विषयों पर लिए जाने वाले निर्णयों पर विचार एवं अनुमोदन।

**निर्णयः** विद्यापरिषद की स्थायी समिति की कार्यवृत्त के विषय क्रमांक—1 के संबंध में विश्वविद्यालय की वर्तमान अध्यादेश के प्रावधानों के अनुसार कार्यवाही की जाये। शेष विषयों को सर्वसम्मति से अनुमोदन किया गया।

**विषय क्रमांक—2 (विश्वविद्यालय के अकादमिक विभाग का प्रस्ताव)**

अवर सचिव, छ.ग.शासन, उच्च शिक्षा विभाग, मंत्रालय का पत्र क्रमांक एफ 17—13/2021/38—1 नवा रायपुर अटल नगर, दिनांक 31.10.2022 के अनुसार शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर, जगदलपुर से संबद्ध शासकीय नवीन महाविद्यालय, कुआकोण्डा का नाम शहीद कवासी रोड्डा पेद्दा शासकीय महाविद्यालय, कुआकोण्डा, जिला दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा किया गया है।

उक्त नवीन नामकरण के अनुसार विश्वविद्यालय द्वारा आवश्यक कार्यवाही करने हेतु प्रकरण सूचनार्थ प्रस्तुत।

**निर्णयः** सूचना ग्रहण की गई।



10 JUL 2023

**विषय क्रमांक—3 (विश्वविद्यालय के स्थापना एवं प्रशासन विभाग का प्रस्ताव)**

शैक्षणिक सत्र 2023—24 में शैक्षणिक एवं अन्य कार्य हेतु अतिथि व्याख्याताओं को आमंत्रण/इम्पैनल किये जाने की सूचना।

**निर्णयः** सूचना ग्रहण की गई।

**विषय क्रमांक—4 (विश्वविद्यालय के स्थापना एवं प्रशासन विभाग का प्रस्ताव)**

राज्य शासन के कर्मचारियों का पुनरीक्षित वेतनमान 2017 एवं पुनरीक्षित वेतनमान 2009 में दिनांक 01 जुलाई 2023 से महंगाई भत्ते की पुनरीक्षित दरें के संबंध में।

**निर्णयः** विश्वविद्यालय के नियमित अधिकारी, शिक्षक एवं कर्मचारियों को छत्तीसगढ़ शासन, वित्त विभागके वित्त निर्देश 17/2023 दिनांक 06.07.2023 के अनुसार 5 प्रतिशत महंगाई भत्ता वृद्धि की अनुमति 01 जुलाई 2023 से प्रदान करने की स्वीकृति दी गई।

**विषय क्रमांक—5**

माननीय अध्यक्ष महोदय की अनुमति से श्री संतराम नेताम, माननीय विधायक एवं कार्यपरिषद सदस्य का प्रस्ताव – बस्तर संभाग के छात्र/छात्राऍं जो राज्य प्रशासनिक सेवा या अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं में सम्मिलित होना चाहतें है। ऐसे छात्र/छात्राओं के लिए विश्वविद्यालय एवं संबद्ध महाविद्यालयों में प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी हेतु परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केन्द्र स्थापित किये जायें।

**निर्णयः** उक्त प्रस्ताव पर सर्वसम्मति से सहमति प्रदान की गई।

10/7/23

कुलसचिव
शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर
जगदलपुर, जिला—बस्तर (छ.ग.)

Manoj K Sai 10.07.2023

कुलपति
शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर
जगदलपुर, जिला—बस्तर (छ.ग.)

10 JUL 2023